# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री

13 शहर को डूबने से बचाने जल निकासी के रास्ते को ...



14 10वीं की मेरिट सूची में समीर को 9वां स्थान मिला



## खबर संक्षेप

### खम्हरिया में समाधान शिविर आज

**धमतरी।** सुशासन तिहार के तहत 8 मई को धमतरी विकासखण्ड के ग्राम खम्हरिया में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यहां आयोजित समाधान शिविर में कुरमातराई, दरगहन, रीवांगहन, डोमा, गुजरा, जुनवानी, खम्हरिया, धौराभाठा, बिरेतरा, पुरी, बोड़रापुरी, अंगारा, डाही, हंकारा और सेमरा डी के ग्रामीण शामिल होंगे।

### रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 12 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी द्वितीय सेमेस्टर (नियमित, प्राईवेट) के छात्र-छात्राओं के रसायनशास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 12 मई को प्रातः 8 बजे से होगी। छात्र-छात्राएं अपनी प्रायोगिक फाइल व सामग्री के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

### पीईटी एवं पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा 8 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा बुधवार 8 मई को शहर में पीईटी एवं पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा 2 एवं 3 केन्द्रों में होगी। प्रथम पॉली में प्रातः 9 से दोपहर 12:15 बजे तक बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 360 परीक्षार्थी एवं एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय में 239 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कुल 599 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार व्दितीय पॉली दोपहर 2 से 5:15 बजे तक पीपीएचटी की परीक्षा में पीजी कॉलेज में 480, एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में 360 एवं शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या उमावि में 260 परीक्षार्थी इस प्रकार पीपीएचटी की परीक्षा में कुल 1100 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8:30 बजे एवं दोपहर 1:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा।

बोर्ड परीक्षा में दसवीं और बारहवीं का परिणाम पिछले साल से कम

# भरपूर की तैयारी, फिर भी रिजल्ट आया कमजोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस साल बोर्ड परीक्षा की तैयारी जमकर की गई थी। इसके बाद भी रिजल्ट पिछले साल की तुलना में कम आया है। कक्षा 12वीं में जहां रिजल्ट 6 प्रतिशत कम हुआ है वहीं कक्षा 10वीं में 9 प्रतिशत घट गया है। कक्षा 12वीं में एक भी छात्र प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाया है। हालांकि कक्षा 10वीं में सरकारी स्कूल के दो छात्रों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है।

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया। इस बार जिले का रिजल्ट निराश करने वाला रहा। शिक्षा विभाग ने अच्छे रिजल्ट के लिए परीक्षा से पहले ही अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। एक्स्ट्रा क्लास और उसके बाद प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित कर छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई थी। इसके बाद भी रिजल्ट पिछले साल की तुलना में कमजोर आया है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा बारहवीं का रिजल्ट इस साल 81.56 प्रतिशत आया है। जबकि पिछले साल 87.55 प्रतिशत रिजल्ट था। पिछले साल इस कक्षा में एक छात्र समीर कुमार ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया था। इस साल कोई भी छात्र मेरिट सूची में नहीं आया है। कक्षा दसवीं का रिजल्ट भी 72.01 प्रतिशत आया है। जबकि पिछले साल 81.15 प्रतिशत रिजल्ट आया था। इस कक्षा में कुरूद क्षेत्र के हायर सेकेंडरी स्कूल चरमुड़िया के छात्र समीर साहू और मगरलोड क्षेत्र के हायर सेकेंडरी बुड़ेनी के छात्र सौरभ कुमार ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। समीर को जहां प्रदेश की मेरिट सूची में 9वां स्थान मिला है वहीं सौरभ ने 6 वां रैंक हासिल किया है।



### मिलेगा दूसरा अवसर

कक्षा बारहवीं में 338 छात्र पूरक आए हैं। वहीं 299 छात्र फेल हुए हैं। इन दोनों श्रेणी के छात्रों को पास होने के लिए दूसरा अवसर दिया जाएगा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में 805 छात्र पूरक और 2071 छात्र फेल हुए हैं। इन्हें भी पास होने के लिए दूसरा अवसर दिया जाएगा। पास होने के बाद ये छात्र अगली कक्षा के लिए पात्र हो जाएंगे। अन्यथा उन्हें फिर से पुरानी कक्षा की ही पढ़ाई करनी होगी।

### छात्राओं ने मारी बाजी

इस साल भी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का दबदबा रहा। कक्षा बारहवीं में 3748 छात्राएं पास हुई हैं, जबकि 2242 छात्र ही पास हुए हैं। कुल मिलाकर 5990 छात्र- छात्राएं पास हुए हैं। खास बात यह है कि विज्ञान विषय में पास होने वालों की संख्या सर्वाधिक 2298 हैं। दूसरे नम्बर कला विषय है, जिसमें 2154 छात्र छात्राएं पास हुए हैं। कामर्स में 1293 और कृषि में 229 छात्र छात्राएं पास हुए हैं। कक्षा दसवीं में भी छात्राओं ने बाजी मारी है। यहां पर 4539 छात्राएं पास हुई हैं, जबकि छात्रों की संख्या 2863 है।

# प्राथमिक शाला डोमा की शिक्षिका निलंबित

- शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की शिकायत पर जांच के बाद हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी विकासखण्ड के प्राथमिक शाला डोमा में पदस्थ सहायक शिक्षक श्रीमती निशा खोब्रागढ़े को शासकीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के कारण पद से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से श्रीमती निशा का निलंबन आदेश भी जारी किया गया है और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय नगरी निर्धारित किया गया है। श्रीमती निशा खोब्रागढ़े द्वारा पदीय दायितवों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, स्वेच्छाचारिता करने, स्कूली बच्चों से मारपीट करने और अभिलेखों में अनाधिकृत रूप से कांट-छांट करने जैसे गंभीर मामलों में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा शिकायत की गई थी।

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि डोमा स्कूल की शाला प्रबंधन समिति और प्रधानपाठक द्वारा श्रीमती निशा खोब्रागढ़े के विरूद्ध विद्यालय में देर से आना, छात्रों से मारपीट करना, कक्षा में सो जाना, कक्षा में मोबाइल चलाना, बच्चों को पढ़ाने में लापरवाही बरतने की शिकायत की गई थी। विभागीय स्तर पर इसकी जांच कराई गई, जिसमें श्रीमती खोब्रागढ़े पर लगे आरोप सही पाए गए। पहले भी श्रीमती खोब्रागढ़े को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, स्वेच्छाचारिता करने, बच्चों के साथ मारपीट करने, बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने और अभिलेखों में अनाधिकृत रूप से कांट-छांट करने के आरोप पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबित किया गया था और विभागीय जांच कर असंचयी प्रभाव से दो वेतनवृत्ति रोकते हुए निलंबन से बहाल कर डोमा में पदस्थ किया गया था। श्रीमती खोब्रागढ़े द्वारा फिर से शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर उन्हें सिविल सेवा नियम के प्रावधानों के तहत निलंबित कर दिया गया है।

# खड़े ट्रक से बाइक टकराई एक की मौत, दूसरा घायल

- जगतरा टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चारामा की तरफ से वापस लौट रही बाइक जगतरा टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रक से टकरा गई। घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय लालबगीचा निवासी राममूर्ति ग्वाल पिता बल्लू उम्र 54 वर्ष दूध डेयरी का काम करता था। मंगलवार की शाम राम मूर्ति ग्राम श्यामतराई निवासी देवानंद साहू के साथ अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएल 4817 से गाय देखने गया लखनपुरी चारामा गया था। जहां से लगभग शाम 7 बजे दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर नेशनल हाइवे से होते हुए वापस धमतरी लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक जगतरा के पास स्थित टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 18 एम 5269 के पीछे टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे राममूर्ति व देवानंद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एनएचएआई की एम्बुलेंस 1033 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने राममूर्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल देवानंद को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया गया है। इस घटना में घायल देवानंद के सिर, कंधे व पीठ में चोट लगी है। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।





### दो दिन पहले खड़े ट्रक से टकराई थी बस

इसी मार्ग पर तीन दिन पहले सोमवार की सुबह ग्राम बालोदगहन के पास खड़े ट्रक के पीछे तेज रफ्तार बस टकराई थी। घटना में बस के हेल्पर की मौत हो गई थी। वहीं दर्जनभर यात्री घायल हो गए थे। तीन दिन के भीतर यह दूसरी घटना है।

# आरटीई की 1066 सीटों में 1030 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आरटीई के तहत रिक्त 1066 सीटों में 1030 का चयन कर लिया गया है। एडमिशन के बाद स्थिति क्लियर हो जाएगी, जिसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिले में आरटीई के तहत 188 स्कूलों ने पंजीयन कराया है। इन स्कूलों में 1066 सीटें आरटीई के लिए रिजर्व रखी गई हैं। इन सीटों के लिए ऑनलाइन 3449 आवेदन प्राप्त हुए थे। स्क्रूटनी के बाद 1190 आवेदनों को रद्द कर दिया गया है। बाकी बचे आवेदनों को लेकर लॉटरी निकाली गई। लॉटरी सिस्टम से 1030 छात्रों का चयन कर लिया गया है। अब स्कूलों में डाक्यूमेंट की जांच के बाद प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश की प्रक्रिया कम्पलीट होने के बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# हाईवे पेट्रोलिंग 2 के कर्मचारियों ने दिखाई ईमानदारी

- सड़क पर मिली नोट की गड्डी को वापस लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सड़क पर पड़े मिले नोट की गड्डी को हाईवे पेट्रोलिंग 02 के कर्मचारियों ने संबंधित व्यक्ति को वापस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है।

मंगलवार को हाईवे पेट्रोलिंग 02 में तैनात आरक्षक नैनदास बांधे व चालक शोएब अब्बासी रक्षित केन्द्र द्वारा पेट्रोल पर्ची प्राप्त कर आमातालाब रोड से होते हुए यातायात कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें आमातालाब मोड़ के आगे हाईवे पेट्रोलिंग को सड़क पर नोट की गड्डी पड़ी हुई दिखाई दी। गड्डी में 200-200 के 100 नोट कुल 20 हजार रूपये थे। दोनों कर्मचारियों ने उक्त नोट की गड्डी को अपने कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से नोट गुमने के संबंध में पूछताछ की तभी एक व्यक्ति वहां पहुंचा जो अपना नाम नरेन्द्र गंगबीर टिकरापारा बताया। उस व्यक्ति ने 20 हजार रूपये गुम हो जाने के संबंध में बताया। कर्मचारियों ने नरेन्द्र से पैसा गुमने की पुष्टि कर मिले 20 हजार रूपये को लौटाकर कर्तव्य व निष्ठा एवं ईमानदारी का परिचय दिया। कर्मचारियों की ईमानदारी की सराहना की जा रही है।



कम से कम दो दिन पहले एसडीएम कार्यालय में देना होगा आवेदन

# धरना-प्रदर्शन, जुलूस-सभा, शोभायात्रा व भंडारे के लिए लेनी होगी विधिवत अनुमति

- कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में हुई बैठक, समिति के सदस्य हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार की मौजूदगी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिले में धरना-प्रदर्शनों, जुलूस-सभाओं, शोभायात्रा, भंडारों जैसे ज्यादा संख्या में लोगों के इकट्ठा होने वाले आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति लेने पर सहमति बनी। इस प्रकार के आयोजन के लिए आयोजक दो दिन पहले संबंधित एसडीएम कार्यालय में सूचना और आवेदन करेंगे। ऐसे सभी प्रकार के आयोजन विधिवत अनुमति लेकर ही किए जाएंगे।

जिले में शांतिपूर्ण आयोजनों के लिए इस प्रकार के अनुमति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे आयोजनों में यातायात व्यवस्था बाधित न होने या जाम की स्थिति निर्मित नहीं होने का ध्यान भी आयोजकों को रखना होगा। आयोजकों को इस दौरान यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करना होगा। ऐसे आयोजनों में किसी भी तरह से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कृत्यों पर पूरी तरह रोक होगी। सभी आयोजनों में कोलाहल अधिनियम का पालन किया जाना होगा। किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल पुलिस और संबंधित एसडीएम कार्यालय में सूचना देनी होगी। शांति समिति की बैठक में धमतरी शहर में यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। घड़ी चौक से सदर रोड, गोल बाजार के पास दुकानदारों द्वारा सामान रखकर रास्ते को छोटा करने से ट्रेफिक की समस्या की जानकारी समिति के सदस्यों ने बैठक में दी। कलेक्टर ने इसके लिए नगर निगम आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए।






**खबर संक्षेप**

## हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से टेंट कर्मचारी झुलसा



**जगदलपुर।** बस्तर थाना क्षेत्र के टाकरागुड़ा ग्राम में चल रहे शादी समारोह में टेंट लगाने के दौरान एक युवक हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। झुलसे युवक को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना बुधवार सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची जहां कालर से संपर्क करने पर पता चला कि हेमंत ठाकुर पिता नंदू ठाकुर 22 वर्ष गांव में शादी घर पर टेंट लगाने के लिए लोहे की पाइप को लेकर छत पर चढ़ा था। इसी दौरान अचानक छत के ऊपर की ओर हाई वोल्टेज तार था, वह ध्यान नहीं दे पाया। इसी हाई वोल्टेज तार से लोहे का पाइप टच होने से करंट के चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। टीम द्वारा तत्काल उसे सीएचसी बस्तर में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। त्वरित कार्रवाई कर झुलसे युवक को अस्पताल पहुंचाने में ईआरवी आरक्षक अजीत मरकाम व चालक सुखनाथ बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बहरहाल घटना की सूचना पर बस्तर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरी मामले में एक नाबालिग समेत तीन शातिर गिरफ्तार



**जगदलपुर।** बोधघाट पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा सूने मकान व सुपर मार्केट में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा चोरी के दो अलग मामले में 2 आरोपी व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा 3 मई की रात रामा रेसीडेंसी अघनपुर स्थित नवनिर्मित मकान में घुसकर सामान व 2 मई को चांडक सुपर मार्केट से 16 हजार रुपए नकद चोरी किया गया था। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संदेह के आधार पर आरोपी त्रिलोचन उर्फ सोनू कश्यप 19 वर्ष निवासी अटल आवास साईं कालोनी अघनपुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने घटना दिनांक को रामा रेसीडेंसी में अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर नवनिर्मित सूने मकान का ताला तोड़कर बिजली का वायर 2 सौ मीटर को अपने पहचान के कबाड़ी वाले जसवीदर सिंग उर्फ जस्सू उर्फ टकलू 20 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड को बेचना स्वीकार किया। मामले में तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल व नकद 4 हजार बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा सुरेश जांगड़े, एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, सुनील मनहर, आरक्षक प्रकाश नायक, राजेश कश्यप, भूपेंद नेताम व महेंद्र पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गुप्त रोगी संपर्क करें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### राजधानी में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में ज्योति चन्द्राकर ने लिया भाग

# नगर सुराज संगम में नपं अध्यक्ष ने सीएम से की कुरुद को पालिका का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद



छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर सुराज संगम 2025 के तहत राजधानी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत प्रमुखों ने भाग लिया और सीएम एवं विभागीय मंत्री के समक्ष अपनी बातें रखीं। यहां की प्रथम नागरिक ज्योति चन्द्राकर ने कुरुद को नगर पालिका का दर्जा देने की मांग रखी। रायपुर के एक हॉटल में 5-6 मई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने प्रदेश भर से आये निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए नगर सुराज के संबंध में अपनी प्राथमिकता बताई।

इस कड़ी में कुरुद नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने नगर को विकसित और व्यवस्थित करने के लिए अपने सुझाव रखते हुए पालीथिन एवं नशे के विभिन्न प्रकारों को बैन करने की जरूरत बताई। जिस पर उन्हें सरकार से इस दिशा में काम करने का आश्वासन मिला। इस दौरान उन्होंने सीएम एवं डिप्टी सीएम को परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित संकल्प पत्र जिसमें कुरुद को नगर पालिका बनाने के लिए जरूरी मापदंड के प्रमाणित दस्तावेजों से सजी फाइल सौंप दर्जा बढ़ाने का निवेदन किया। नपं अध्यक्ष के तर्क और जरुरी कागज़ का पुलिंदा देख सरकार के दोनों प्रमुखों ने जल्द ही कुरुद को नगर पालिका का दर्जा देने का भरोसा दिलाया।

# राखी बनीं सरपंच संघ मगरलोड की अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 65 सरपंचों की उपस्थिति में सरपंच संघ का गठन किया गया। सर्व सहमति से राखी साहू सरपच खिसोरा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बुड़ेनी सरपंच खेमू साहू संरक्षक, रांकाडीह सरपंच भोजराम साहू उपाध्यक्ष, हसदा सरपंच ईश्वरी साहू सचिव, लोमेश्वर साहू सरपंच सिंगपुर कोषाध्यक्ष, विमल नेताम सरपंच झाझरकेरा मनोनीत किए गए। फरवरी में पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सभी सरपंचों को सरपंच संघ के चुनाव की प्रतीक्षा थी।

अध्यक्ष राखी साहू ने सभी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायतों के कार्य में आने वाली परेशानियों का मिलजुलकर शासन प्रशासन के सहयोग से समाधान करेंगे। संरपचों के अधिकार की लड़ाई लड़ने की बात कही।



## तालाब सफाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मार्ग की मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩भखारा

नगर पंचायत भखारा में पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 1 में तालाब की सफाई चेन माउंटेन के माध्यम से कराई गई। इस कार्य की वार्डवासियों ने प्रशंसा भी की लेकिन तालाब सफाई करने के चक्कर में छत्तीसगढ़ महतारी कॉलेज जाने वाले रास्ते का पूरा पत्थर और चेकर उखड़ गया है। इससे विद्यार्थियों को तकलीफों का सामना करना पड़ सकता है। तालाब की सफाई के दौरान जो मलबा निकला था, उसे तालाब के किनारे ही रख दिया गया है। इससे बारिश के दिनों में कचरा के वापस तालाब में जाने की संभावना है। नगरवासियों ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कचरा को हटवाने और उखड़े चेकर की मरम्मत करवाने की मांग की है।

## जुंबा डांस में थिरके पीजी कालेज के छात्र-छात्राएं

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्ना. महा. में फिट फ्यूजन कार्यक्रम हुआ। छात्रा अपर्णा शर्मा एवं भावना साहू ने जुंबा डांस कराया। प्राचार्य डॉ. वीके पाठक ने बताया कि जुम्बा एक ऐसा व्यायाम है जिसमें लैटिन अमेरिकी नृत्य की विभिन्न शैलियों से प्रेरित होकर संगीत के साथ व्यायाम किया जाता है। यह एक समूह व्यायाम है जिसमें साल्सा और एरोबिक्स का संयोजन होता है। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. अमरसिंह साहू ने कहा कि जुम्बा पूरे शरीर को कसरत प्रदान करता है, जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार, लचीलापन बढ़ाने और ताकत बनाने के लिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है।

# ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गिरवर बने

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



ग्राम पंचायत सांकरा में मानस मंच की बैठक हुई। बैठक में ग्राम व्यवस्था समिति को भंग कर सर्वसम्मति से नए पदाधिकारी चुने गए। ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव टिकेश साहू, कोषाध्यक्ष छगन साहू मनोनीत किए गए। बैठक में सरपंच नागेन्द्र बोरझा, पूर्व सरपंच शशि ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य हेमलता साहू, उपसरपंच हरीश साहू, पूर्व ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष हेमलाल साहू, रमेश साहू, निर्भय नाग, राजू पटेल, जन्मेजय साहू, कृपाराम नाग, बलीराम पटेल, सचिव मदन सेन, पूर्व वार्ड पंच बल्लू ठाकुर,निक्कू निषाद सहित ग्राम व्यवस्था समिति के पदाधिकारी व ग्रामवासी बड़ी संख्या उपस्थित थे। इस दौरान ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी सहित सभी पदाधिकारियों को सरपंच नागेन्द्र बोरझा ने श्रीफल भेंट किया।

## भारत अब दूसरों पर नहीं रहेंगे निर्भर



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का समाधान तो किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा रहा है। नगरी के कुकरेल में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे ग्राम झूरातराई के भारत नेताम की मांग का भी शासन-प्रशासन द्वारा तत्काल समाधान कर दिया गया है। दरअसल श्री नेताम ने सुशासन तिहार के पहले चरण में लगे समाधान पेटी में अपने लिए ट्राईसाइकिल की मांग करते हुए आवेदन डाला था। उनके आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें ट्राईसाईकिल मुहैया कराई गई। उन्हें नगरी के कुकरेल में लगे समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। श्री नेताम ने बताया कि बीमारी के कारण उनके पैरो में चलने की ताकत नहीं थी। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्होंने सुशासन तिहार में आवेदन दिया था। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार उनके जीवन में खुशी लेकर आई है।

# युक्तियुक्तकरण से पूर्व स्थानांतरण एवं पदोन्नति को प्राथमिकता दी जाए

- छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव व डीपीआई से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड



छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष केदार जैन के नेतृत्व में विभिन्न मुद्दों को लेकर शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी एवं डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की। युक्तियुक्तकरण के मुद्दों पर चर्चा की। संघ ने तर्क दिया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व स्थानांतरण एवं पदोन्नति की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। तत्पश्चात 2008 के सेट अप के आधार पर युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला में 1 प्रधानपाठक और 2 सहायक शिक्षक रखने तथा माध्यमिक शाला में 1 प्रधानपाठक और 4 शिक्षक का पद रखने की बात कही गई। रायपुर संभाग के माध्यमिक शाला प्रधानपाठक पद पर शीघ्र पदोन्नति करने संबंधित निर्देश जारी करने डीपीआई से चर्चा की गई जिस पर डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने जेडी को तत्काल निर्देशित कर अतिशीघ्र पदोन्नति सूची जारी करने कहा। प्रतिनिधिमंडल में सुभाष शर्मा, हरीश सिन्हा, अमित महोबे, विजय राव, डेवेश कुमार साहू, लोमश साहू, लोचन साहू, खिंजन साहू, आलोक मत्स्यपाल, हुमन चन्द्राकर, जयंत साहू, बेदराम साहू, वरूण साहू, दीपक सहारे, पदुमलाल साहू, अमित दुबे, प्रदीप साहू, योगेश निर्मलकर, भारत नेताम शामिल थे।

# आधुनिक खेती से जोड़कर छात्रों को आत्मनिर्भर बनाएं





- कलेक्टर ने किया कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद विकासखंड में संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर की लैब सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने परिसर में कृषि आधारित प्रदर्शनी आयोजित करने के निर्देश दिय, जिसमें फूड प्रोसेसिंग के अच्छे कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महाविद्यालय के अधिकारियों से यहां पढ़ाई करने वाले छात्रों को फल-फूल, मिलेट्स, आधुनिक खेती सहित पशुपालन से जोड़ते हुए कृषि क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय परिसर के समीप 10 एकड़ भूमि है, उसमें वे औषधि पौधे लगाकर प्रदर्शित करने की योजना बना रहे है। इस पर कलेक्टर ने स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एडीएम कुरूद नभसिंह कोशले के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में भगईया को मिली नई किसान किताब

- कई कामों में अब होगी आसानी, शासन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



सुशासन तिहार अंतर्गत मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम खिसोरा में आयोजित समाधान शिविर में निःशुल्क नई किसान किताब बनने पर श्रीमती भगईया बाई पटेल के लिए लाभकारी साबित हुआ। बुधवार को ग्राम खिसोरा में समाधान शिविर आयोजित किया गया। श्रीमती भगईया बाई ने बताया कि ऋण पुस्तिका नई बनवाई है। वर्षों पुरानी किसान किताब पूरी तरह से खराब हो गयी थी। बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नई किसान किताब बनाने के लिए कई बार आवेदन किया था, लेकिन नहीं बन पा रही थी।

भगईया बाई ने बताया कि सुशासन तिहार की जानकारी गांव में मुनादी द्वारा मिलने पर उन्होंने शीघ्र पंचायत में जाकर नया किसान किताब बनाने के लिए आवेदन किया और निःशुल्क नई किसान किताब बन गई। इसकी मदद से अब वह बी-1, नक्शा, खसरा, जमीन संबंधी कार्यों में आसानी होगी। वहीं परिवार के सदस्यों को ऋण आदि लेने में भी मदद मिलेगी। नई किसान किताब मिल जाने पर भगईया बाई ने कहा कि सुशासन तिहार बहुत मददगार साबित हुआ है।

## रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी द्वितीय सेमेस्टर (नियमित एवं स्वाध्यायी) की छात्राओं के रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 17 मई को प्रातः 8 बजे से आयोजित की गई है। अनुपस्थित रहने पर छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगी।

### सारंगपुरी की मधु कंवर बनीं लखपति दीदी

# मजदूरी की, मशरूम उगाया, अब चला रही सीएससी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



कभी बड़ी आर्थिक परेशानी को झेलने वाली धमतरी विकासखण्ड के ग्राम सारंगपुरी की श्रीमती मधु कंवर आज पूरे क्षेत्र में लखपति दीदी के नाम से जानी जा रही हैं। मधु कंवर ने कभी खेतों में मजदूरी भी की है, मशरूम भी उगाया है, लेकिन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उनके सपनों ने सही आकार ले लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब श्रीमती मधु कॉमन सर्विस सेंटर-सीएससी चला रही हैं। इस सर्विस सेंटर से सारंगपुरी ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी हो गई है। सीएससी के माध्यम से लोगों को रियायती दर पर ई-गवर्नेंस की सुविधाएं मुहैया कराकर श्रीमती कंवर प्रतिमाह 10-12 हजार रूपये कमा रही हैं। मधु ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया है, बल्कि अपने गांव और समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

श्रीमती कंवर बताती हैं कि पहले परिवार की माली हालत बहुत खराब थी। वे बड़े किसानों के खेतों में रोजी-मजदूरी किया करती थीं। बच्चों की पढ़ाई और घर की दूसरी जरूरतें पूरा करना भी मुश्किल था। सीमित आय और संसाधनों के बीच सही ढंग से जीवन जीने के लिए संघर्ष करने वाली मधु ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर जय मां कर्मा महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रशिक्षण और स्वरोजगार के तरीके सीखे। उनके समूह ने सबसे पहले धान खरीदी-बिक्री का काम शुरू किया। कुछ आमदनी होने पर मशरूम उत्पादन किया और उसे बेचकर मुनाफा कमाते गए। आजीविका मिशन के तहत समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने अपने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर शुरू किया। इस सर्विस सेंटर में सरकार की ई-गवर्नेंस सुविधाएं जैसे-आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाना, विवाह पंजीयन करना, बिजली बिल का भुगतान, आधार कार्ड-श्रम कार्ड-आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे दूसरे कई काम शुरू किये। इन सेवाओं के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से मधु हर महीने 10-12 हजार रूपये कमा रही हैं।

# पूर्व सैनिकों ने आपरेशन सिंदूर पर जश्न मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य गांधी चौक में एकत्रित होकर पाकिस्तान के प्रति आक्रोश जताया और ऑपरेशन सिन्दूर को सफल बनाने के लिए भारतीय सेनाओं की तारीफ की। भारतीय सेना ने इस ऑपरेशन को सिन्दूर नाम इसलिए दिया कि जिन माताओं और बहनों के सिन्दूर उजड़े थे, उसे आतंकवादियों के खून से बदला लिया गया। इस बदले से उन परिवार को थोड़ी खुशी मिली होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू, सुनील जॉन, जौहर लाल मंडावी, अश्वनी पाटकर, एसके सोनी, अजय कुमार साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना की वीरता और देशभक्ति का गौरव है पाकिस्तान में सफल एयर स्ट्राइक : महापौर



**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर सटीक और प्रभावी एयर स्ट्राइक कर पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था। भारतीय वायुसेना ने एक बार फिर अपनी अदम्य शौर्य और देशभक्ति का परिचय देते हुए पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की सामरिक कुशलता का प्रतीक है, बल्कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। हमारे वीर जवानों ने अथक साहस और पराक्रम के साथ आतंकवाद के गढ़ों को नेस्तनाबूद कर देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कड़े से कड़ा कदम उठा सकता है।

### समाधान शिविरों में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें: कलेक्टर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को समाधान शिविरों के आयोजन को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अनिवार्य रूप से शिविर स्थल पर स्टॉल लगाएं और उपस्थित रहें। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। विशेष रूप से विद्युत, पेयजल, कृषि और राजस्व जैसे विभागों को प्राथमिकता के साथ कार्य करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए गए।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**सुकमा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सुकमा जिला रेडक्रॉस शाखा द्वारा 8 मई को एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में शबरी जन सेवा ट्रस्ट द्वारा पूर्व में संबंधित संस्थाओं और नागरिकों को आमंत्रित करते हुए एक पत्र प्रेषित किया गया था। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।

### जल जीवन मिशन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सुकमा।** जिला सुकमा के ग्राम नागारास में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण विगत दिवस को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्य को गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

हर साल बारिश में कई वार्ड की गलियां हो जाती हैं जलमग्न, ड्रेनेज सिस्टम सुधारने की जरूरत

# शहर को डूबने से बचाने जल निकासी के रास्ते को अतिक्रमण मुक्त रखना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





हर साल बारिश में ज्यादा वर्षा होने पर शहर के दर्जन भर वार्ड की गलियां जलमग्न हो जाती हैं। निकासी मार्ग अवरूद्ध होने से पानी का जमाव कई घंटे, कई दिन तक रहता है। शहर को डूबने से बचाने के लिए नाला, नालियों व प्राकृतिक जल निकासी के मार्ग को साफ करने के साथ पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखना आवश्यक है। ड्रेनेज सुधारते समय इस बात का ख्याल रखना आवश्यक है। बता दें कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम 150 साल पुराना है जिसे सुधारने की जरूरत है।

पार्षद विशु देवांगन, शहरी नागरिक लीलाराम साहू, कुशल चोपड़ा, केपी साहू, गौरव लोहाना, ननकू महाराज ने कहा कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम से हर कोई वाकिफ हैं। पुरानी समस्या होने के कारण अधिकतर भाग बारिश में जलमग्न हो जाता है। नालियों की दशा और दिशा सुधारने के अलावा कचरा, झिल्ली, पॉलीथिन, प्लास्टिक आदि खुले में न रखें। नाली, नालियों का नए स्तर से मरम्मत, प्राकृतिक जल निकासी के पुराने रास्ते फिर से खोले जाए। कालोनियों से होकर खेतों तक जाने वाले जल निकासी मार्ग को दुरूस्त किया जाए। सोरिद नाला के एचपीटी प्लांट वाला रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। शहर में पानी सोखने सोख्ता, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अतिशीघ्र लगाएं। जल निकासी मार्ग के रास्ते की नियमित सफाई व अतिक्रमण हटाया जाए। लोगों को नालियों में कचरा न डालने जागरूक करें। ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर दण्डात्मक कार्रवाई करें। जल निकासी के लिए नया मार्ग बनाएं। नागरिकों का कहना है कि शहर के जलमग्न होने का प्रमुख कारण अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग, बेतहाशा पॉलीथिन का उपयोग, नालियों में कूड़े डालना शामिल है। इस ओर ध्यान देना आवश्यक है।

# कार्यशाला में शहरी विकास पर हुआ विचार-विमर्श



- रायपुर में नगर निगमों के जनप्रतिनिधियों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



रायपुर के एक होटल में प्रदेश के नगर निगमों के जनप्रतिनिधियों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम एवं सम-सामयिक विषय पर बहुउद्देशीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। इस अवसर पर श्री साव ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निकाय देश और प्रदेश के समग्र विकास में रीढ़ की हड्डी है। इनकी सशक्त भूमिका से ही शहरी विकास योजनाएं ज़मीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हो सकती हैं। सरकार का उद्देश्य केवल योजना बनाना नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों को उसके केंद्र में लाना है।

कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन, डिजिटल गवर्नेंस, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल एवं स्वच्छता, हरित ऊर्जा और नागरिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। धमतरी महापौर रामू रोहरा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जनप्रतिनिधियों को नीति निर्धारण और योजना क्रियान्वयन के बीच की कड़ी को समझने में मदद मिलती है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव का मार्गदर्शन नगरीय निकायों को एक नई दिशा देगा।

# केनाल रोड में डामरीकरण तथा गौरव पथ निर्माण की मांग

- देवरी व बोदाछापर के ग्रामीणों ने की महापौर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत देवरी एवं उसके आश्रित ग्राम बोदाछापर के ग्रामीणों ने गांव की मूलभूत सुविधाओं को लेकर महापौर रामू रोहरा से भेंट की। इस दौरान ग्रामीणों ने देवरी मुख्य मार्ग से बोदाछापर पहुंच मार्ग में डामरीकरण कराने, छाती माइनर से बोदाछापर, झुरा नवागांव तक केनाल रोड में डामरीकरण कराने तथा गौरव पथ निर्माण की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि इन सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। इस अवसर पर केशव साहू जनपद उपाध्यक्ष धमतरी, महेश चंद्राकर सरपंच, रूपराम साहू, गोपाल साहू, लोमश साहू, संतु धीवर, चोवा साहू, ईश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष कमलेश साहू, दयालु राम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पुरानी बातें यादकर भावुक हुईं सौ साल की बुजुर्ग महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



नगर की सौ वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती सुशीला साहू धर्मपत्नी स्व. डॉ फ़रितराम साहू के जन्मदिन पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने उनसे मुलाकात की। 100 साल की उम्र तक पहुंचने और उस खुशी को साझा करने के लिए यह खास अवसर था। संयोग वश इस दिन ज्योति जैन का भी जन्मदिन था। यह एक शानदार अवसर था। वह हमेशा याद रखेगी। इस उम्र में उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए और पुरानी बातें याद कर भावुक हो गई। सबने उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की।

मौके पर प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय संचालिका की बीके करुणा, ऊषा साहू, लोकेश्वरी सोन शिक्षिका, सुशीला निर्मलकर, पूर्व पार्षद भारती साहू, गोमती साहू, जितेंद्र साहू, उसके पुत्र पूर्व पार्षद चूड़ामणि साहू, पुत्रवधु भुनेश्वरी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# उप मुख्यमंत्री को नपं अध्यक्ष ने सौंपा विकास कार्यों का पुलिंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

- नगर सुराज संगम में ज्योति हुईं सम्मिलित



रायपुर में आयोजित नगर सुराज अभियान 2025 के प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन शामिल हुईं। विधायक अजय चंद्राकर के निर्देशन में ज्योति जैन ने भखारा भठेली के विकास संबंधी मांगों के लिए उपमुख्यमंत्री मंत्री अरुण साव को आवेदन दिया। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगर सुराज संगम के दूसरे प्रशिक्षण की कमान खुद संभाली और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पीपीटी (पावर पाइंट टैक्स्ट) के जरिए शहरों के विकास एवं जनसुविधाएं विकसित करने का रोडमैप समझाया। उन्होंने नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं से संवाद कर अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की। श्री साव ने शहरों के प्रत्येक घर में रोज पर्याप्त जल की आपूर्ति को बड़ी चुनौती बताते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कड़ाई से अमल करने को कहा। श्री साव ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग, नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को सुविधापूर्ण बनाने देश-विदेश में स्थानीय स्वशासनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और श्रेष्ठ प्रथाओं की भी जानकारी दी।

श्री साव ने डेढ़ घंटे के अपने प्रेजेंटेशन में अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। श्री साव ने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके निकाय उभरते हुए शहर हैं। उन्हें विकास के पथ पर दौड़ाना है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस ने कहा कि नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) की योजनाओं की जानकारी देने इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान नगरीय निकायों से संबंधित अधिनियमों और उनके महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। यह संगम दोनों तरफ से संवाद का मंच है। कार्यशाला में नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और सूडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी उपस्थित थे।

# 8 हजार 351 आवेदनों का हुआ निराकरण

- सुशासन तिहार : मगरलोड के खिसोरा में लगा समाधान शिविर
- 53 हितग्राही शासकीय योजना से हुए लाभान्वित
- कलेक्टर-एसपी भी शिविर में पहुंचे, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





मगरलोड विकासखण्ड के खिसोरा में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले मांग, शिकायत और समस्या संबंधी आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। खिसोरा क्लस्टर में सुशासन तिहार में 8 हजार 389 आवेदन मिले, जिसमें से 8 हजार 255 आवेदन मांग और 134 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। इसमें से 8 हजार 351 आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को शिविर में दी गई। 53 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा भी एसपी सूरज सिंह परिहार के साथ खिसोरा में आयोजित इस समाधान शिविर पहुंचे और विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव और अन्य विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

खिसोरा में आयोजित समाधान शिविर में जनपद पंचायत मगरलोड और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को जॉब कार्ड और 2 हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान का चेक दिया गया। जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा 6 हितग्राहियों को नये राशन कार्ड का वितरण किया गया। पेंशन शाखा द्वारा 6 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, श्रम विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को लर्निंग लायसेंस दिया गया। राजस्व विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, 7 हितग्राहियों को बी-1 और 4 हितग्राहियों को किसान किताब का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव सहित जिला पंचायत सभापति टीकाराम कंवर, श्रीमती मीना साहू, जनपद अध्यक्ष मगरलोड विरेन्द्र कुमार साहू, राजेश साहू, श्रीमती तिलोत्तमा साहू समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सुरेश की साग-सब्जी और फल की डिमांड विदेश में भी

- सब्जी की उन्नत खेती करने वाले किसान के खेत पर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और सीईओ जिपं श्रीमती रोमा श्रीवास्तव कुरूद विकासखंड के ग्राम मोतिमपुर पहुंचे, जहां एक किसान शासन की योजनाओं का लाभ लेकर और अपनी मेहनत से आधुनिक खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहा है।

यह किसान है, सुरेश नथानी। कलेक्टर ने सुरेश से खेत में लगाई जाने वाली फसलों और शासन की योजनाओं के लाभ लेने के बारे में पूछा। सुरेश ने बताया कि वे पूरे साल 55 एकड़ में सीजन के अनुसार खीरा, लौकी, मिर्ची, टमाटर, केले की फसल लेते हैं। उनके द्वारा उत्पादित साग-सब्जी और फल देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक भेजी जाती है। सुरेश ने यह भी बताया कि सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत 45 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप लिया है। इसके अलावा उन्होंने फसलों को पानी देने आधुनिक मशीन भी लगाई है, जिससे 15-20 मिनट में फसलों को पानी एवं खाद दे सकते है। सुरेश ने बताया कि वर्तमान में उन्होंने 23 एकड़ में केले की फसल लगाई है, जिसकी पहली फसल 9 माह में तैयार हो जायेगी। केला फसल अंतर्गत उन्हें 35 हजार 500 रूपये का अनुदान भी विभाग द्वारा दिया गया है। उन्होंने बताया वे प्रतिदिन लगभग 150 लोगों को अपने खेत में रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुरेश की मेहनत व बेहतर प्रबंधन की प्रशंसा की।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्तुति जिले की प्रावीण्य सूची में शामिल



- सर्वोदय इंग्लिश स्कूल की छात्रा को दसवीं में 600 में 546 अंक मिले

**धमतरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी स्कूल बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा स्तुति मिश्रा ने जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर स्कूल व धमतरी शहर का नाम गौरवान्वित किया है। सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्ययनरत स्तुति मिश्रा पिता महावीर मिश्रा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। स्तुति को दसवीं में कुल 600 अंकों में से 546 अंक प्राप्त हुए हैं। इस सफलता के बाद स्तुति ने बताया कि उसके लिये पढ़ाई का सबसे बेहतर समय सुबह का होता है। देर रात तक पढ़ाई करने के बजाय वह सुबह चार बजे से उठकर पढ़ाई करना पसंद करती है और दिन में जब भी खाली समय मिलता है वह केवल पढ़ाई पर ही ध्यान देती है। सोशल साइंस को पसंद करने वाली स्तुति का कहना है कि वह आगे आर्ट लेकर पढ़ाई करते हुए सिविल सेवा में जाना चाहती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों को दिया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि अधिक से अधिक मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल करें।

### मुक्केबाज मैरी कॉम से समाजसेवी संभाकर ने की मुलाकात



**धमतरी।** नगर के समाजसेवी कोमल संभाकर ने रविवार को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की प्रसिद्ध महिला मुक्केबाज और पद्म भूषण सम्मानित खिलाड़ी मैरी कॉम से भेंट की। इस दौरान कोमल संभाकर ने मैरी कॉम को अपने द्वारा चलाए जा रहे नशा छोड़ो अभियान की जानकारी दी और उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता भी दिया। मैरी कॉम ने कहा कि नशे से दूर रहकर ही युवा अपने जीवन और देश के भविष्य को संवार सकते हैं। ऐसे अभियानों की जरूरत आज हर राज्य को है। उन्होंने जल्द ही छत्तीसगढ़ आने का आश्वासन भी दिया। श्री संभाकर ने मैरी कॉम को अभियान की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### मोतिमपुर की कार्यवाहक सरपंच ने ली शपथ

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत मोतिमपुर में श्रीमती खिलेश्वरी हेमलाल साहू ने कार्यवाहक सरपंच की शपथ ली। मौके पर उपसरपंच चुम्मन साहू, सचिव चंद्रहास साहू, यशोदा, तुलसी, नंदनी, हीरा, नारायण साहू, रामप्रसाद यादव, गोवर्धन, हिरउ, रमेश, तोषण, श्रीराम, धनराज, तुलेश साहू, शत्रुहन, बिसेशर, गोविंद, भूपेश उपस्थित थे।

भारतीय सेना ने आतंकवादियों के 9 ठिकाने व 60 आतंकवादी ढेर किए

# भारत में आतंकवाद के खात्मे के लिए ऑपरेशन सिंदूर आवश्यक



रामू रोहरा | ओंकार साहू | विजय देवांगन | दीपक चोपड़ा | शरद लोहाना | मोहन साहू | दीपक ठाकुर | कैलाश सोनकर | नीलेश राजा | आनंद पवार | रामचंद देवांगन




**धमतरी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के पखवाड़े भर बाद भारत ने पीओके में एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों एवं उनके ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। रात 1 बजे शुरु किया गया आपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा। भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को ढेर किया। यह लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद का गढ़ का था। भारतीय सेना की इस कार्रवाई से पाकिस्तान दहल गया है। वहीं भारतीय नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जब तक आतंकवाद का सफाया न हो जाए वह पूरे मानव समाज के लिए अभिशाप है। इस संबंध में शहर के नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

**● भारतीय सैनिकों को सलाम**

महापौर राम रोहरा ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पीओके में स्थापित 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर बदला ले लिया है। इससे भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। सलाम भारतीय सैनिकों एवं भारत सरकार को, जिनकी बदौलत भारत की ताकत पूरे विश्व ने देख लिया। हमारे देश की सेना को करारा जवाब देना आता है। इससे पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक कर सैकड़ों आतंकवादियों का खात्मा किया था। आपरेशन सिंदूर में भी 60 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

**● सच्चा न्याय मिला**

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भारतीय सेना ने साहसपूर्ण जवाबी कार्रवाई की है जो प्रशंसनीय है। पहलगाम आतंकी हमले में नागरिकों को सच्चा न्याय मिला है। देश की जनता की सुरक्षा और आतंकवाद के खात्मे के लिए सेना का निर्णय वाजिब था। हम सब भारतीय सेना के साथ हैं। आपरेशन सिंदूर आतंकी घटनाओं को रोकने में कामयाब होगा। देश में सुख समृद्धि शांति स्थापित होगी।

**● भारतीय सेना पर हमें गर्व है**

पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफल कार्रवाई के लिए भारतीय सेना को सलाम करते हैं। हम सब भारतीय सेना के साथ हैं। भारतीय सेना पर हमें गर्व है जिन्होंने भारतीयों को न्याय दिलाया। भारत की सुरक्षा देने हमारी सेना पूरी तरह सक्षम है। इस कार्रवाई के लिए सोफिया कुरैशी का योगदान भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया। सेना ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के अंदर हुई है।

**● पहलगाम घटना का मुंहतोड़ जवाब मिला**

वरिष्ठ नागरिक दीपक चोपड़ा का कहना है कि पहलगाम घटना का मुंहतोड़ जवाब भारतीय सेना ने आतंकवाद को दिया है। आपरेशन सिंदूर में आतंक के गढ़ का समूल नाश हुआ है। आतंकवादी ढेर हुए हैं। यह कार्रवाई निरंतर चलनी चाहिए, ताकि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो जाए। आतंकवाद मानव समाज के लिए अभिशाप है। भारतीयों की सुख, समृद्धि, तरक्की में बाधा है। इसे पूरी तरह साफ करना आवश्यक है।

**● कार्रवाई निरंतर चलनी चाहिए**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि भारतीय सेना पर गर्व है जिन्होंने भारतीयों की अस्मिता की रक्षा हमेशा की है। पूरा विश्व हमारे साथ हैं। हम सेना के साथ हैं। अब कोई विघटनकारी शक्तियां भारतीयों की तरफ आंख उठाकर नहीं देखेगी। आतंकवादी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगेगी। यह कार्रवाई निरंतर चलनी चाहिए।

**● आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा**

शिक्षक मोहन साहू ने कहा कि आतंक को जड़ से खत्म करने के लिए आतंकवाद के समर्थक, उसके गढ़, नींव को पूरी तरह खत्म करना आवश्यक है। आपरेशन निरंतर चले ऐसी सभी भारतीयों की मंशा है। जनता भारत सरकार और भारतीय सेना के साथ है। आतंकी को बेनकाब करने हर भारतीय सीमा पर जाना चाहेगा। आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है। विश्व स्तर पर इसे खत्म करने कदम उठाना चाहिए।

**● आतंकवाद मानवता के शत्रु हैं**

समाजसेवी दीपक ठाकुर का कहना है कि पहलगाम घटना के गुनहगार व मानव समाज के शत्रुओं का उपचार आवश्यक है। शास्त्रों के मुताबिक ऋण, रोग, शत्रु का नाश आवश्यक है। आतंकवाद मानवता के शत्रु हैं। आतंक को समूचे विश्व से समाप्त करना आवश्यक है। हम सब भारतीय सेना के साथ हैं।

**● भारतीय सेना ने दिया पराक्रम का परिचय**

युवा नेता आनंद पवार का कहना है कि भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर आंच आए तो सभी भारतीय मतभेद भुलाकर भारत और सेना की हौसला अफजाई करते हैं। भारतीय सेना ने पिछली पांच लड़ाई में पराक्रम का परिचय देते हुए भारतीयों का सीना चौड़ा किया था। आपरेशन सिंदूर भी पहलगाम हमले में शहीद हुए नागरिकों को न्याय देने लांच किया गया है। इस कार्रवाई में 9 आतंकी कैम्प को ध्वस्त किया गया है। भारतीय सेना को सलाम।

**● आतंकवादियों के मंसूबे नाकामयाब हुए**

युवा नेता कैलाश सोनकर ने कहा कि भारत ने फिर दिखाया कि वह केवल सहता ही नहीं है, सीधा जवाब देता है। बुधवार की रात्रि सर्जिकल स्ट्राइक का पूर्ण समर्थन, अभिनंदन है। यह कार्रवाई भारत की अस्मिता, सुरक्षा, रक्षा, वीरता के लिए है। आतंकवादियों के मंसूबे नाकामयाब हुए। भारत के शत्रुओं को संदेश है अब चुप्पी नहीं, करारा जवाब मिलेगा। निर्णायक क्षण आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में एक मील का पत्थर है।

**● अधर्म के खिलाफ धर्म युद्ध**

समाजसेवी नीलेश राजा ने कहा कि आपरेशन सिंदूर अधर्म के खिलाफ धर्म युद्ध है। आपरेशन सिंदूर धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए है। यह मां दुर्गा द्वारा राक्षसों का संहार करने की छवि से प्रेरित है। इस धर्मयुद्ध में सभी भारतीय भारत सरकार, भारतीय सेना के साथ हैं।

**● भारतीय सैनिकों का साहस पूरी दुनिया में अद्भुत : रामचंद**

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने कहा कि भारत के सैनिकों का साहस पूरी दुनिया में अद्भुत है। पूरी दुनिया ने भारतीय सेना के पराक्रम को स्वीकार किया है। पाकिस्तानी मुस्लिम आतंकियों ने जिस प्रकार धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों को गोली मारी थी, आज उसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दिया।

# दसवीं की मेरिट सूची में समीर को 9वां स्थान मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद/मगरलोड



सौरभ जोशी



समीर साहू

शिक्षा किसी क्षेत्र विशेष का मोहताज नहीं होती है। लगन हो तो गांव में भी शहरों से बेहतर पढ़ाई की जा सकती है। इस बात को साबित किया है बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में स्थान बनाने वाले सौरभ जोशी और समीर साहू ने। दोनों ही छात्र गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। जहां शहर और प्राइवेट स्कूल के छात्र मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाए, वहीं गांव में सरकारी स्कूल में पढ़कर इन छात्रों ने प्रदेश के टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है।

कक्षा दसवीं में प्रदेश की टॉप टेन सूची में छठवां रैंक पाने वाले छात्र सौरभ जोशी ने बताया कि उसने पहले ही टॉप टेन में स्थान बनाना अपना लक्ष्य बना रखा था। इसके लिए उसने स्मार्ट तरीके से पढ़ाई की। मां सीमा जोशी और पिता डुमन लाल जोशी ने न सिर्फ हौसला बढ़ाया बल्कि पढ़ाई मदद करते हुए जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं। शिक्षकों और दोस्तों ने भी पढ़ने में उसकी मदद की। उसने बताया कि वह गणित लेकर पढ़ना चाहता है और एक अच्छा इंजीनियर बनना चाहता है। उल्लेखनीय है कि सौरभ मगरलोड विकासखंड के ग्राम बुड़ेनी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई कर रहा है और उसने 600 नम्बर में 590 अंक प्राप्त किया है। उसे 98.33 प्रतिशत अंक मिला है।

इसी प्रकार कुरुद विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया के छात्र समीर साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में नौंवा स्थान हासिल किया है। समीर के पिता भुवन साहू गांव में खेती करते हैं और एक राइस मिल में मुंशी का काम करते हैं। माता का नाम देहुति साहू है। पिता भुवन ने बताया कि समीर पढ़ाई में शुरू से होनहार है। उसके दोस्त यार नहीं के बराबर हैं। वह केवल पढ़ाई पर ध्यान देता है। कई बार तो इतना पढ़ता है कि घर वालों को टोकना पड़ता है।

खेलकूद में उसकी रूचि नहीं है। केवल और केवल पढ़ाई पर ध्यान देता है। समीर ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई गणित विषय लेकर करेगा। उसका सपना है कि वह आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करे। मेरिट सूची जारी होने की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी कुरूद नभसिंह कोशले सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीके साहू, खंड स्रोत समन्वयक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री प्रतिमा ध्रुव, प्राचार्य आरके सिन्हा, व्याख्याता नीरज शुक्ला आदि ने छात्रों के घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिजनों को बधाई दी।

### गौरव पथ पर नपं ने चलाया सफाई अभियान

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 8 स्थित गौरव पथ पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं पार्षद अधिकारी कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। नगर के गौरव पथ पर सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए सड़कों पर झाड़ू लगाने के साथ नाली पर बने अस्थाई अतिक्रमण एवं नाली के स्लैब के ऊपर जमें कचरे को निकाला।

# जिले के दो छात्रों ने मेरिट में बनाई जगह

- बुड़ेनी स्कूल के छात्र सौरभ मेरिट सूची में 6 वें व चरमुड़िया के समीर 9वें स्थान पर रहे
- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। कक्षा दसवीं की मेरिट लिस्ट में जिले के दो छात्रों ने अपना नाम दर्ज कराकर धमतरी का मान बढ़ाया है। इस परीक्षा में सौरभ जोशी ने प्रदेश में छठवां और समीर साहू ने नौवां स्थान प्राप्त किया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी है। कलेक्टर का बधाई संदेश लेकर कुरूद एसडीएम नभसिंह कोशले विद्यार्थियों के घर पहुंचे। एसडीएम ने कलेक्टर की शुभकामनाओं से दोनों विद्यार्थियों और उनके परिजनों को अवगत कराया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा में मगरलोड विकासखंड के हायर सेकेण्डरी स्कूल बुड़ेनी के छात्र सौरभ जोशी ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में छठवां स्थान पाया है। इसी तरह शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चरमुड़िया के छात्र समीर साहू ने इस परीक्षा में 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। समीर ने मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सौरभ जोशी और समीर साहू को इसी तरह कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को पूरा करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जिले के सभी विद्यार्थियों को इन छात्रों की उपलब्धि से प्रेरणा लेने और मन लगाकर पढ़ने तथा जीवन लक्ष्य प्राप्त करने की समझाइश भी दी है।










